**AI-1352**
**(011) B.A. PART-I (ONE) (PRIVATE)**
**Examination Mar.-Apr. 2021**
**Compulsory/Optional**
**Group-**
**Paper-I**

**Name/Title of Paper- FC-HINDI LANGUAGE**
**Time**: 3:00 Hrs.]

[Maximum Marks: 75
[Minimum Pass Marks: 26

**नोटः प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित है।**
**Note: The Figures in the right-hand margin indicate marks.**

## इकाई–1

**प्र.1** क. पल्लवन की परिभाषा एवं इसकी की उपयोगिता लिखिए? 8

अथवा

पत्र के प्रकारों का उल्लेख करते हुये अच्छे पत्र की विशेषताएं लिखिए?

ख. अनुवाद का स्वरूप, परिभाषा लिखते हुए अच्छे अनुवाद की विशेषताएं लिखिए? 7

अथवा

ईदगाह कहानी के तत्वों के आधार पर समीक्षा कीजिए?

## इकाई–2

**प्र.2** क. निम्नलिखित आठ वाक्यों को शुद्ध कीजिए। 8

1. सौ रूपये सधन्यवाद प्राप्त हुये।
2. मैंने लिख चुका था।
3. मैं आपकी श्रद्धा करता हूँ।
4. इस काम में बड़ा लाभ है।
5. महादेवी विद्वान महिला थी।
6. साहित्य और जीवन का घोर संबंध है।
7. उसका प्राण निकल गया।
8. इससे मर्यादा की सीमा टूट गई।
9. वृक्ष में फल लगे है।
10. शत्रु उस पर टूट पड़े।

अथवा

निम्न लिखित वाक्यांशों के लिए कोई एक शब्द लिखिए (कोई आठ)

1. जे बिना वेतन के कार्य करें।
2. जिसका कोई शत्रु न हो ।
3. पीछे–पीछे चलने वाला।
4. जिसकी बाँह घुटनो तक हो।
5. उपकार करने वाला।
6. बिना खिला फूल।
7. वह स्त्री जो कविता लिखती है।
8. गुप्त रखने योग्य।
9. बुरे आचरण वाला।
10. पुस्तक की हाथ से लिखी प्रति।

ख. भारत वंदना कविता का सारांश लिखिए।

अथवा

निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए कोई आठ– 7

1. आटे दाल का भाव मालूम होना
2. आस्तीन का साँप
3. ईद का चाँद
4. ओखली में सिर देना
5. काला अक्षर भैंस बराबर
6. गुदड़ी का लाल
7. छक्के छुड़ाना
8. टेढ़ी खीर
9. लोहे के चने चबाना
10. घी के दिए जलाना

**इकाई–3**

**प्र.03** क. देवनागरी लिपि की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए? 8

अथवा

उपर्युक्त अवतरण का संक्षेपण कीजिए–

गाँधी जी ने विश्वशांति के लिए प्रेम और अहिंसा का मार्ग बताया। उन्होंने अपने जीवन में उसके सफल प्रयोग किये। हिंसा और द्वेष विश्वशांति में अत्यंत बाधक है। शांति के अभाव में मानव जाति का विकास अवरूद्ध हो जाता है। प्रगति एवं रचनात्मक कार्यो के लिए प्रत्येक राष्ट्र में शांति का वातावरण अनिवार्य है। अतः विश्व कल्याण के लिए अहिंसा एवं प्रेम की भावना नितान्त आवश्यक है।

ख. भोलाराम की जीव व्यंग्य की समीक्षा कीजिए? 7

अथवा

अपठित गंद्याश का अर्थ, परिभाषा एवं उपयोगिता लिखिए?

**इकाई–4**

**प्र.04** क. भाषा से कम्प्यूटर की क्या अपेक्षाएं है? 8

अथवा

शिकागो से स्वामी विवेकानंद का पत्र–पाठ का संदेश अपने शब्दों में लिखिए।

ख. सूचना प्रौद्योगिकी के घटको को वर्णन कीजिए? 7

अथवा

मानक हिन्दी भाषा का अर्थ, स्वरूप एवं विशेषताएं लिखिए?

**इकाई–5**

**प्र.05** क. सामाजिक गतिशीलता से आप क्या समझते है? एवं प्राचीन काल की सामाजिकता पर प्रकाश डालिए? 8

अथवा

मानक भाषा एवं अमानक भाषा में अंतर स्पष्ट कीजिए?

ख. सामाजिक गतिशीलता के अंतर्गत मध्य काल का स्वरूप लिखिए? 7

अथवा

आधुनिक काल की विशेषताएं लिखिए?